मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-309
24/07/2022

वर्ल्ड एथलेटिक्स चौंपियनशिप के जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में भारत के लिये रजत पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने श्री नीरज चोपड़ा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 24 जुलाई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अमेरिका के यूजीन में चल रहे वर्ल्ड एथलेटिक्स चौंपियनशिप के जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में भारत के लिये रजत पदक जीतने पर श्री नीरज चोपड़ा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैवलिन थ्रो में भारत के श्री नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुॅचाया है। उन्होंने रजत पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिस पर पूरा देश आज गौरवान्वित है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******